## कैब बुक करने के लिए रैपिडो एप का लिंक भी दिया गया

# एप के नए फीचर से बनेगा नमो भारत के यात्रियों का सफर और आसान, 30 मिनट में मिलेगी ट्रेन की स्थिति

यात्रियों के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट एप को अपडेट किया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर में उपलब्ध है। टिकट बुकिंग से लेकर लाइव ट्रेन ट्रैकिंग, स्टेशन फैसिलिटीज, स्टेशन नेविगेशन, लास्ट माइल कनेक्टिविटी, लॉस्ट एंड फाउंड समेत कई फीचर्स हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

देश के पहले रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम (आरआरटीएस) के संचालित सेक्शन में नमो भारत ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एनसीआरटीसी ने आरआरटीएस कनेक्ट एप को अपडेट किया है, जो गूगल प्ले स्टोर और एपल स्टोर में उपलब्ध है। इस एप में यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट बुकिंग के साथ-साथ कई अन्य नए फीचर भी जोड़े गए हैं, जो यात्रियों के सफर को बेहद आरामदायक और सुविधाजनक बना रहे हैं।

आरआरटीएस के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि कनेक्ट एप के जरिए यात्री प्लान यौर जर्नी में जाकर अपनी यात्रा के लिए टिकट बुक करते हैं, जिसे यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के जरिए भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही ट्रांजैक्शन हिस्टरी में जाकर यात्री अपनी पिछली सभी यात्राओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उसका बिल भी डाउनलोड कर सकते हैं।

### लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए फीडर बस सर्विस का विकल्प भी फीचर में मौजूद



उन्होंने बताया कि एनसीआरटीसी ने लाइव ट्रेन ट्रैकिंग सुविधा भी शुरू की है जो यात्री को उसके स्टेशन पर अगले 30 मिनट में उपलब्ध नमो भारत ट्रेनों की वास्तविक स्थिति और उसकी पूरी ट्रैकिंग को दर्शाएगी। साथ ही यह यात्रियों को दिल्ली या मेरठ की दिशा में अगला स्टेशन कौन सा होगा और कितने किमी की दूरी पर आएगा तथा नमो भारत ट्रेन आपको वहां कितने मिनट में पहुंचा देगी, यह भी बताएगी। इसमें सप्ताह के सभी दिनों में ट्रेन सेवा शुरू होने और रात्रि में समाप्त होने की पूरी समय सारणी भी दी गयी है। वत्स के मुताबिक ऐप में फीडर बस सर्विस का विकल्प भी दिया गया है। इसकी मदद से यात्री लास्ट माइल कनेक्टिविटी के लिए फीडर बस सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। तथा यात्रा आरंभ करने के स्थान से नजदीकी आरआरटीएस स्टेशन आने और जाने के लिए उपलब्ध सभी बस स्टॉप का विवरण भी जान सकते हैं। इन बस स्टॉप पर बस के आने और जाने का समय भी दिया गया है, ताकि उसके अनुसार यात्री अपनी यात्रा प्लान कर सकें। इतना ही नहीं आरआरटीएस के यात्रियों को स्टेशनों पर बाइक, ऑटो और कैब बुक करने लिए रैपिडो ऐप का लिंक भी दिया गया है, जिसकी मदद से यात्री एक क्लिक पर सीधे रैपिडो ऐप में जाकर अपनी राइड बुक कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### विवि के प्रो-चांसलर को आपत्तिजनक मेल भेजी



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ एरिया में एक यूनिवर्सिटी के नाम का उपयोग कर प्रो-चांसलर को आपत्तिजनक मैसेज भेजने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। एपीजे सत्या विवि के तकनीकी निदेशक एवं नोडल अधिकारी अमिताभ मिश्रा ने कहा कि कोई जालसाज उनकी यूनिवर्सिटी के लेटर हेड का उपयोग कर छवि को धूमिल कर रहा है।

### शिविर में पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान




**गुरुग्राम।** डीसीपी मानेसर दीपक के निर्देशानुसार जेबीएम गुरप के सहयोग से नील मेटल प्रोडक्ट्स लिकं सेक्टर-36 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें पुलिस व कंपनी कर्मियों ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि एसीपी मानेसर विपिन अहलावत ने लोगों को रक्तदान करने के फायदे बताए और उन्हें रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है।

### कस्टमर केयर अधिकारी बन युवती से ठगी




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में कस्टमर केयर अधिकारी बनकर कंपनी कर्मी युवती से 17 हजार 400 रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पारुल वर्मा ने कहा कि वह एक कंपनी में काम करती है। उसका कोरियर दस दिन से डिलीवर नहीं हुआ तो उसने गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर कॉल किया। जिसके बाद उसे वाट्सएप पर एक एपीके फाइल भेजी गई। जिसमें पारुल की सभी जानकारी ले ली । यही नहीं पारुल को 3 रुपए ट्रांसफर करने के नाम पर उसकी यूपीआई आईडी भी ले ली गई। इसके बाद पारुल के अकाउंट से तीन बार में 17 हजार 400 रुपए निकाले जाने का मैसेज आया। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## समस्याओं को लेकर बिजली अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

# विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार 28 में से 22 समस्याएं मौके पर निपटाई

विधायक ने कहा कि बिजली की आपूर्ति में फाल्ट हो जाना आम बात है लेकिन फाल्ट सही नहीं करना गंभीर बात है इस पर एक्शन लिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक राजेश नागर ने बिजली निगम अधिकारियों एवं जनता के साथ समस्याओं को सुना मौके पर आई 28 समस्याओं में से 22 का निदान कर दिया गया बाकी के लिए भी विधायक ने कड़े निर्देश दिए। नागर ने बिजली निगम अधिकारियों से कहा कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और बिजली की आपूर्ति को दुरुस्त रखें।

विधायक ने कहा कि बिजली की आपूर्ति में फाल्ट हो जाना आम बात है लेकिन फाल्ट सही नहीं करना गंभीर बात है इस पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को बिजली के नए कनेक्शन लेने,मीटरों को बदलने और मीटर का स्थानांतरण सहित पोल का स्थानांतरण जैसी अनेक समस्याएं हैं, जिसका निराकरण बिजली निगम को प्राथमिकता से करनी चाहिए। इस काम के लिए जनता को मेरे पास क्यों आना पड़ रहा है जनता को सुविधा देने के लिए हम - आप मौजूद हैं । ऐसे में जनसुनवाई क्यों ?

**खास बातें**

- बिजली की समस्याओं को लेकर जनसुनवाई क्यों करनी पड़ रही
- हरियाणा सरकार जनता की सेवाओं को लेकर बहुत गंभीर



### समस्याओं को नजरअंदाज न करें

नागर ने कहा कि आप यदि लोगों को सुनकर उनकी समस्याओं का निदान कर देते तो लोगों को इतना परेशान नहीं होना पड़ता। नागर ने कहा कि सरकार जनता की सेवाओं को लेकर बहुत गंभीर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता की समस्याओं को बढ़ाने वाले या उनको नजरअंदाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रखी है। नायब सैनी का स्पष्ट कहना है कि जनता की भलाई का काम करने के लिए हम आए हैं और इस काम के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

### विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं

नागर ने कहा कि सरकार के पास विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है लेकिन धनराशि का उपयोग तभी है जब तय प्रोजेक्ट तय समय में पूरा हो जाए। उन्होंने जनता से भी कहा कि आपकी कोई भी समस्या हो आप अधिकारियों से संपर्क करें। यदि काम नहीं होते हैं तो मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। वह 24 घंटे आपके लिए उपलब्ध हैं। विधायक नागर ने कहा कि मैं उम्मीद करुंगा कि मुझे ऐसी जनसुनवाई न करनी पड़े। अधिकारी समय रहते सुधर जाएं अन्यथा अपने खिलाफ कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें।

इस अवसर पर फरीदाबाद एक्सईएन पंकज पवार, एसडीओ बदरौला अंकित अग्रवाल, एसडीओ खेड़ी कला सुनील चावला, एसडीओ तिलपत जवाहर सिंह, एसडीओ इस्माइलपुर धर्मवीर, एसडीओ मथुरा रोड नरेश यादव, जेई सराय सुरेश प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ग्रीन बेल्ट कब्जाने के मामले में नया मोड़

# आरोपी पक्ष ने कहा- कोई कब्जा नहीं किया, न ही करवाई गलत रजिस्ट्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-48 के सामने ग्रीन बेल्ट कब्जाने के मामले में एक नया मोड़ आ गया है। आरोपी पक्ष ने अपने तथ्य रखते हुए सतीश सांगवान व सुरेन्द्र दुग्गल ने कहा कि हमने किसी ग्रीन बेल्ट पर कोई अवैध कब्जा नहीं किया है और न ही कोई गलत रजिस्ट्री करवाई है। सांगवान ने बताया कि वर्ष 2008 में विक्रेता ने इस जमीन से संबंधित अपने मालिकाना हक के दस्तावेज दिए थे।

### पटवारी व तहसीलदार से जांच करवाई

हमने पटवारी व तहसीलदार से जांच करवाई थी। उसके बाद ही हमने जमीन खरीदने का इकरार नामा विक्रेता से किया और इकरार नामे के बाद अपने पक्ष में बैनामा भी तहसील फरीदाबाद से करवाया था जो तहसीलदार द्वारा पंजीकृत किया गया और पटवारी के द्वारा हमारे पक्ष में दाखिल खारिज भी दर्ज किया गया। मौके पर विक्रेता के द्वारा हमें जमीन पर कब्जा भी दिया गया। जिसके बाद से हम इस जमीन पर काबिज है।

### दस्तावेजों की जांच कर बैनामा दर्ज किया था

वर्ष 2012 में एक व्यक्ति के द्वारा हमारे खिलाफ थाना एसजीएम नगर में शिकायत दी गई थी कि यह जमीन ग्रीन बेल्ट है व खरीदारों ने फर्जी व्यक्ति खड़ा करके जमीन की रजिस्ट्री करवा ली। जबकि खरीदारों द्वारा बताया गया कि रशिद ने अपने भाई रफीक की तस्दीक की है मेरा भाई रफीक है। तहसीलदार व पटवारी ने भी दस्तावेजों की जांच कर हमारे नाम बैनामा दर्ज किया था। साथ ही हाऊसिंग बोर्ड हरियाणा ने थाना प्रभारी एसजीएम नगर को लिखित पत्र में साफ किया है कि इस जमीन से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

## ठगी के मामले में बैंककर्मी सहित 3 को पुलिस ने किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम ईस्ट ने टेलीग्राम ऐप के जरिए लोगों से ठगी के मामले में एक बैंक कर्मी सहित 3 को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस अब तक 17 बैंक कर्मचारियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में इंस्पेक्टर नवीन कुमार की टीम ने वारदात को अंजाम देने में शामिल रहे 3 को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान जितेन्द्र पटेल, आशीष जैन व उत्सव चतुर्वेदी के रुप में हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी आशीष दुकान चलाता है। जितेंद्र उसके पास समान लोडिंग/अनलोडिंग का काम करता था। आशीष जैन असिस्टेंट बैंक मैनेजर उत्सव चतुर्वेदी से जितेन्द्र पटेल का बैंक खाता अपनी फर्म के नाम से खुलवाया था।

## मंथली न देने पर एएसआई सहित 3 को गोली मारने के मामले में 3 काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



खेड़कीदौला एरिया के एक मॉल के एडवेंचर पार्क में मंथली न देने पर एएसआई सहित 3 युवकों को गोली मारने के मामले में पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जा से 2 कार व 1 पिस्टल बरामद की है। पुलिस इस मामले में पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस को 25/26 मई की रात को सूचना मिली थी कि 3 युवकों को गोली लगी है और वे निजी अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस पहुंची तो एक युवक ने बताया कि उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर सेक्टर-82 के सफायर मॉल में एडवेंचर पार्क खोला है। किसी कर्मी ने जानबूझकर एडवेंचर पार्क के मेनगेट पर कचरा फेंक दिया है। जिस पर वह साथियों के साथ एएसआई दीपक को लेकर एडवेंचर पार्क पहुंचा। वहां स्कॉर्पियो गाड़ी में युवक आए और गाली गलौज करने लगे। उन्होंने यहां पर काम करने की एवज में मंथली मांगी और झगड़ने लगे। उन्होंने गोलियां चलाई जो लक्ष्य व एएसआई दीपक को लगी। यश बीच बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसे भी गोली मार दी। गोली उसके पैर में लगी।

## विवेक चंद्र यादव हटाया गए एसएन तिवारी बने नए डीसीपी ग्रामीण



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) विवेक चंद्र यादव को शासन ने हटाया कर लखनऊ मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। जबकि पुलिस अधीक्षक (स्थापना) सुरेंद्रनाथ तिवारी को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में नया उपायुक्त (ग्रामीण) बनाकर भेजा है। हालांकि आधिकारिक तौर पर विवेक चंद्र यादव के तबादले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं है, लेकिन चर्चा है कि मोदीनगर के सीखरी खुर्द में कलछीना गांव निवासी रामकुमार की गोली मारकर हत्या और पुत्र को घायल किया जाने की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। नगीना सांसद चंद्रशेखर ने इस मुद्दे को 26 जुलाई को संसद में उठाया था।

## कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला- मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना हर सरकार का नैतिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एआईसीसी के महासचिव एवं हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया ने भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि यह जुमलेबाजों की सरकार है, गरीबों के खाते में 15 लाख रुपए, दो करोड़ रोजगार, महंगाई कम करने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर सत्ता में आई भाजपा सरकार की सच्चाई को अब जनता जान चुकी है, लोकसभा चुनावों में जनता ने जिस प्रकार से कांग्रेस को समर्थन दिया, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश में बदलाव की लहर चल पड़ी है और विधानसभा चुनावों में स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को संवैधानिक अधिकार हासिल होने चाहिए। उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए।


**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
**पंजीकृत कार्यालय** : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in
**30 जून 2024 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**
[ सेबी ( एलओडीआर ) नियमनों, 2015 के नियमन 47( 1 )( बी ) देखें ]
( रु. लाखों में )

| क्र. सं. | विवरण | अअंकेक्षित 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही | अंकेक्षित 31 मार्च 2024 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही (टिप्पणी सं. 2 देखें) | अअंकेक्षित 30 जून 2023 को समाप्त अनुकूल तिमाही | अंकेक्षित 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 33.807 | 19.348 | 17.700 | 68.340 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 23.732 | (21.712) | 14.017 | 16.999 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 23.732 | (21.712) | 14.017 | 16.999 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 23.732 | (21.712) | 14.017 | 15.769 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 23.732 | (21.712) | 14.017 | 15.769 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 211.750 | 211.750 | 211.750 | 211.750 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | 335.369 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (समाप्त वर्ष को छोड़कर वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | 1.12 | (1.03) | 0.66 | 0.74 |

**टिप्पणी** : 1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं। 2) 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही तक वर्ष से तिथि आंकड़े और 31 मार्च, 2024 को समाप्त पूर्ण वित्तीय वर्ष के सम्बन्ध में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच बैलेंसिंग आंकड़े है।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
एमडी एवं सीईओ
डीआईएन : 07526355

दिनांक : 27 जुलाई, 2024
स्थान : दिल्ली



**उत्तर रेलवे**
**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई- निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07240211 | लिंक पिन फॉर एल एच बी कोचेस | 11820 नग | 19-08-24 |
| 02 | 09242324 | लाइनर | 144479 नग | 19-08-24 |
| 03 | 09242048 | बोगी सेंटर पिवोट बॉटम | 4709 नग | 20-08-24 |
| 04 | 16244508A | सिरेमिक रेसिस्टर फॉर गवर्नर | 31 नग | 21-08-24 |
| 05 | 16240009 | किट फॉर फिल्टर | 165 सेट | 22-08-24 |
| 06 | 15245036A | सेल्फ - कंटेनेड कंप्रेस्ड एयर ब्रीथिंग एपरेटस (एस सी बी ए) | 20 नग | 26-08-24 |
| 07 | 20241419B | अरगट ऑफ हाई टेंसिल ट्रांजीशन सी बी कपलर | 82 सेट | 27-08-24 |
| 08 | 07241019 | हेलिकल स्प्रिंग फॉर बोल्स्टर | 166 सेट | 27-08-24 |
| 09 | 04230043A | इनहिबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग ट्रांसफार्मर आयल | 164220 लीटर | 28-08-24 |
| 10 | 04230082 | इंजन क्रैंक केस आयल सर्वो प्रीमियम सी एफ - 4-15 डब्लू -40 | 69090 लीटर | 29-08-24 |
| 11 | 08240022 | लौ मेंटेनेंस लीड एसिड सेकेंडरी सेल 2 वी-200 ए एच | 4169 नग | 02-09-24 |
| 12 | 08240023 | लौ मेंटेनेंस लीड एसिड सेकेंडरी सेल, टाइप ऑफ 2 वी - 80 ए एच | 7247 नग | 04-09-24 |
| 13 | 07243458 | प्राइमरी वर्टीकल डैम्पर फॉर एल एच बी कोचेस | 11167 नग | 27-09-24 |
| 14 | 07240108 | हेंगर फॉर बोल्स्टर स्प्रिंग सस्पेंशन | 20552 नग | 01-10-24 |
| 15 | 07240309 | ब्रेक सिलिंडर विथ हैंड ब्रेक | 90 नग | 29-10-24 |
| 16 | 07241585 | नॉन एस्बेस्टोस बेस्ड के टाइप हाई फ्रिक्शन | 194642 नग | 30-10-24 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 36/2024-2025 दिनांक 26.07.2024 2300/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पेट्रोलियम गैस के बड़े टैंकरों से गैस चोरी कर कमर्शियल सिलेंडरों में रीफिलिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार को द्रवित पेट्रोलियम गैस के बडे टैंकरों से गैस चोरी कर कॉमर्शियल सिलेंडरों में रीफिलिंग करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से रीफिलिंग करने के उपकरण, द्रवित पेट्रोलियम गैस के टैंकर व कमर्शियल सिलेंडर बरामद किए हैं। यह गिरोह पिछले दो साल से सक्रिय था।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम गैस रीफिलिंग सेंटर लोनी से गैंस के टैंकरों से विभिन्न जनपदों एंव राज्यों में सप्लाई किया जाता है । एसीसीपी सच्चिदाननद ने बताया कि पुलिस को हिन्दुस्तान पेट्रोलियम / इंडेन गैस रीफिलिंग सेंटर लोनी से गैंस के टैंकरों को भरने के बाद अपने गन्तव्य स्थान को न जाकर कुछ गैंस के टैंकर / कैप्सूल पाइप लाइन रोड कल्लूगढ़ी फाटक के पास थाना क्षेत्र मसूरी गाजियाबाद में आकर गैंस के टैंकरों से बड़े कमर्शियल सिलेंडरों (19 किलोग्राम) में रीफिलिंग का अवैध कार्य किया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने सुबह 3 से 4 बजे के बीच दबिश देकर 4 हिन्दुस्तान पेट्रोलियम / इंडेन गैस के द्रवित पेट्रोलियम गैस टैंकर / कैप्सूल व 34 कमर्शियल गैस सिलेंडर, सिलेंडर लादने के लिए गाड़ी व रीफिलिंग के उपकरण बरामद किए और 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### 1 बार 1 टैंकर से 5 से 6 सिलेंडर चोरी से भरते थे



गिरफ्तार लोगों में सुधांशु सिंह, हरप्रीत,बहादुर सिंह, पुष्पेन्द्र,दिनेश बहादुर सिंह हैं। पूछताछ में आरोपी सुधांशु ने बताया कि वह ग्रेजुएट है। वर्ष 2012 मे उसने आगरा में आदित्य गैस सर्विस मे काम किया । जिसमें इंडेन के घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी करता था। वहां से काम छोड़ रोहतक में मेहर गैस सर्विस में होम डिलीवरी का काम करने लगा । इस बीच लोनी स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के पुष्पेन्द्र व हरप्रीत से उसका संपर्क हुआ। जो हिन्दुस्तान पेट्रोलियम / इंडेन गैस के द्रवित पेट्रोलियम गैंस के टैंकरों / कैप्सूल के चालक थे। आपस में इन्होंने योजना बनाई कि जब पुष्पेन्द्र व हरप्रीत टैंकर / कैप्सूल भरकर निकलेंगे तो रास्ते में उसमें से कुछ कमर्शियल सिलेंडरों को भर देंगे। प्रत्येक सिलेंडर भरने का एक हजार रुपए लेंगे । ये लोग पिछले करीब 2 वर्षो से गैंस रीफिलिंग का कार्य कर रहे है । बाद में ड्राइवर पुष्पेन्द्र व हरप्रीत ने अपने अन्य साथी बहादुर सिंह व दिनेश को इसमें शामिल कर लिया । औसतन 1 बार 1 टैंकर से 5 से 6 सिलेंडर चोरी से भरते थे।